## न्यूज डायरी




### दुनिया में बनने जा रहा पहला बिटक्वाइन शहर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** सान सल्वाडोर। बिटक्वाइन समेत अन्य क्रिप्टो करेंसी की दीवानी हो रही दुनिया के लिए एक अच्छी खबर है। दक्षिण अमेरिकी देश एल सल्वाडोर के राष्ट्रपति नईब बुकेले ने दुनिया के पहले बिटक्वाइन शहर को बसाने का ऐलान किया है। इस शहर को एक ज्वालामुखी से ऊर्जा मिलेगी और क्रिप्टो करेंसी बान्ड से उसका वित्तपोषण होगा। उन्होंने बताया कि इस बिटक्वाइन शहर में आवासीय और व्यवसायिक इलाके, सेवाएं, म्यूजियम, एयरपोर्ट, बंदरगाह, रेल और मनोरंजन हर चीज की सुविधा होगी। राष्ट्रपति नईब बुकेले ने बिटक्वाइन और ब्लॉकचेन कान्फ्रेंस में यह ऐलान किया। पिछले 2 दशक से अमेरिकी डॉलर को अपनी मुद्रा मानने वाला एल सल्वाडोर दुनिया का पहला ऐसा देश है जिसने बिटक्वाइन को एक मुद्रा के रूप में कानूनी मान्यता दी है। बुकेले ने कहा कि इस बिटक्वाइन शहर को और बिटक्वाइन माइनिंग को कोचागुआ ज्वालामुखी से ऊर्जा मिलेगी।

### तनाव के लिए रामबाण इलाज है मित्रों की टोली, हर चिंता करती है छूमंतरः विशेषज्ञ

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** क्वींसलैंड। तनाव 90 प्रतिशत लोगों को प्रभावित करता है, और हम जानते हैं कि यह हमारे मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है। तनाव हमारे जीन की गतिविधि और कार्य को प्रभावित कर सकता है। यह 'एपिजेनेटिक' परिवर्तनों के माध्यम से ऐसा करता है, जो हमारी कुछ जीन को चालू और बंद करता है, हालांकि यह डीएनए कोड को नहीं बदलता है। लेकिन कुछ लोग तनाव के प्रति अधिक खराब प्रतिक्रिया क्यों देते हैं, जबकि अन्य लोग दबाव में रहते हुए इसका सामना करते हैं? पिछले शोधों ने मजबूत सामाजिक बंधनों की पहचान की है और अपनेपन की भावना को शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को मजबूत बनाए रखने का माध्यम पाया हैं। सामाजिक समर्थन का अर्थ है एक ऐसा नेटवर्क होना जो जरूरत के समय में आपके साथ हो। यह प्राकृतिक स्रोतों जैसे परिवार, दोस्तों, भागीदारों, पालतू जानवरों, सहकर्मियों और सामुदायिक समूहों से आ सकता है।

### आस्ट्रेलिया में 1 दिसंबर से पूरी तरह से टीका लगाए गए वीजा धारक कर सकेंगे प्रवेश

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कैनबरा। आस्ट्रेलिया ने सोमवार को अपने यात्रा नियमों में और ढील दी है। आस्ट्रेलिया जाने के लिए अब पहले आवेदन करने की आवश्यकता नहीं होगी। पूरी तरह से टीकाकरण कराए योग्य वीजा धारकों को 1 दिसंबर से बिना किसी परेशानी के यात्रा करने की अनुमति होगी। योग्य वीजा धारकों में कुशल और छात्र समूह के साथ–साथ मानवीय, कामकाजी छुट्टियां मनाने वाले और अस्थायी पारिवारिक वीजा धारक शामिल हैं। आस्ट्रेलिया को सुरक्षित रूप से फिर से खोलने की राष्ट्रीय योजना के हिस्से के रूप में अतिरिक्त परिवर्तनों की घोषणा की गई है। आस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री स्काट मारिसन ने एक बयान में कहा, 1 दिसंबर 2021 से, पूरी तरह से टीकाकरण करवाए योग्य वीजा धारक यात्रा छूट के लिए आवेदन करने की आवश्यकता के बिना आस्ट्रेलिया आ सकते हैं।

### पाकिस्तान में मनी लांड्रिंग में फंसे, पेपर वाला, फलूदा वाला और छाबड़ी वाला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान के नेशनल अकांउटिबिलिटी ब्यूरो का कहना है कि उनके पास में मनी लांड्रिंग मामले में पक्के सबूत हैं। एनएबी का कहना है कि इस मामले में कई बड़ी मछलियों के नाम भी सामने आए हैं जिन्होंने विभिन्न बैंकों में फर्जी अकाउंट खोले हुए थे। ये फर्जी अकाउंट किसी पेपर वाला, छाबड़ी वाला और फलूदा वाला के नाम पर खोले गए थे। यां फंसी हैं। पाकिस्तान के न्यूज इंटरनेशनल की खबर के मुताबिक एनएबी के चेयरमेन जस्टिस जे इकबाल ने कहा है कि एनएबी में मनी लांड्रिंग मामले में एनएबी पूरी तरह से जवाबदेह है कि कोई भी निर्दोश इसमें न फंसाया जाए। उन्होंने एनएबी की तारीफ भी की कि वो पूरी तरह से निष्पक्ष होकर और पूरी इमानदारी से अपना काम कर रही है।

# भारत ने 100 सबसे प्रदूषित शहरों में चीन–पाकिस्तान को पछाड़ा

**प्रदूषण**

## दुनिया के 10 सबसे ज्यादा प्रदूषित शहरों की सूची में 9 भारत में

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत, चीन और पाकिस्तान एक बार फिर से भारी प्रदूषण से जूझ रहे हैं। हर साल की तरह से इस साल भी भारत की राजधानी नई दिल्ली धुएं की मोटी परत से ढंक गई है। पिछले सप्ताह हालत इतनी खराब हो गई कि दिल्ली में स्कूलों को बंद करना पड़ा। दुनियाभर में हवा की गुणवत्ता पर नजर रखने वाले IQAir की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया के 100 सबसे ज्यादा प्रदूषित सूची में चीन और पाकिस्तान को पछाड़कर टॉप पर पहुंच गया है। भारत के गाजियाबाद शहर की हवा देश में सबसे ज्यादा जहरीली है और वह चीन के होटान शहर के बाद दुनिया में दूसरा सबसे ज्यादा प्रदूषित शहर है।



अलजजीरा ने IQAir के हवाले से बताया कि राजधानी नई दिल्ली में हवा में PM2.5 पार्टिकल का स्तर विश्व स्वास्थ्य संगठन के स्वीकार्य स्तर से 34 गुना ज्यादा है। इसमें कहा गया है कि ठंड में हवा सबसे ज्यादा जहरीली हो जाती है जब किसान पराली जलाते हैं। PM2.5 पार्टिकल इंसान के फेफड़ों को तबाह करके रख देते हैं। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि साल 2020 में दुनिया के 100 सबसे ज्यादा प्रदूषित शहरों में 46 भारत के थे।


इसके बाद चीन का नंबर था और उसके 42 शहर सबसे ज्यादा प्रदूषित हैं। चीन के बाद पाकिस्तान के 6, बांग्लादेश के 4, इंडोनेशिया और थाइलैंड का 1 शहर इस सूची में शामिल है। इन सभी शहरों में पीएम 2.5 एयर क्वालिटी रेटिंग 50 से ज्यादा है। दुनिया के 10 सबसे ज्यादा प्रदूषित शहरों की सूची में 9 केवल भारत से हैं। चीन के होटान शहर की हवा दुनिया में सबसे सबसे ज्यादा जहरीली रही। यहां पीएम 2.5 की रेटिंग साल 2020 में औसतन 110.2 रही।

लैंसेट की एक रिपोर्ट के मुताबिक साल 2019 में भारत में 16 लाख 70 हजार लोगों की मौत का कारण वायु प्रदूषण रहा। हालांकि साल 1990 की तुलना में घरेलू प्रदूषण से होने वाली मौतों की संख्या में काफी कमी आई है। इसका श्रेय एलपीजी और पीएनजी के बढ़ते इस्तेमाल को दिया जा रहा है। वहीं पीएम 2.5 से होने वाली मौतों की संख्या में काफी इजाफा हुआ है। दुनिया के 20 सबसे ज्यादा प्रदूषित शहरों की लिस्ट में 15 भारत से हैं। इनमें से ज्यादातर शहर उत्तरी भारत में हैं।

**अब भारत और चीन के शहरों में स्मोग टॉवर बनाए जा रहेः** इस रिपोर्ट में कहा गया है कि वाहनों और उद्योगों से निकलने वाला धुंआ और फसलों को जलाया जाना हवा में पीएम2.5 और अन्य प्रदूषकों को बढ़ा रहा है। बढ़ते वायु प्रदूषण से निपटने के लिए अब भारत और चीन के शहरों में स्मोग टॉवर बनाए जा रहे हैं। दिल्ली में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद ऐसे दो टॉवर लगाए गए हैं। ये टॉवर 1 किमी के इलाके में काम करते हैं और पीएम2.5 के स्तर को 50 फीसदी तक कम कर देते हैं। हालांकि उनकी कार्यकुशलता अभी भी सवालों के घेरे में हैं।

## पाक पेट्रोलियम डीलरों ने 25 नवंबर को देशव्यापी हड़ताल की घोषणा की

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कराची। कम लाभ मार्जिन पर ईंधन बेचने के विरोध में पाकिस्तान के एक पेट्रोलियम डीलर्स निकाय ने 25 नवंबर को देशव्यापी हड़ताल का आह्वान किया है। पाकिस्तान पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन (पीपीडीए) के प्रवक्ता ने पुष्टि की कि हड़ताल 25 नवंबर को होगी और देश भर के सभी पेट्रोल पंप बंद रहेंगे। द न्यूज इंटरनेशनल की रिपोर्ट के अनुसार, तीन सप्ताह से भी कम समय में एसोसिएशन की ओर से यह दूसरी हड़ताल है। न्यूज इंटरनेशनल ने पीपीडीए के प्रवक्ता के हवाले से कहा, हमारे पास हड़ताल पर जाने के अलावा कोई रास्ता नहीं है क्योंकि सरकार हमारी मांगों को पूरा करने के लिए 17 नवंबर की समय सीमा को पूरा करने में विफल रही है।ऽ प्रवक्ता ने कहा कि अगर सरकार झूठे वादे करती रही तो हड़ताल को आगे बढ़ाया जा सकता है। रिपोर्ट के अनुसार, पीपीडीए ने 5 नवंबर को हड़ताल की घोषणा की थी, जिसे उन्होंने रद्द कर दिया क्योंकि पाकिस्तान सरकार ने उन्हें पेट्रोलियम उत्पादों की बिक्री पर मार्जिन को कुछ दिनों के भीतर 6 प्रतिशत तक बढ़ाने का आश्वासन दिया था। इसके अलावा, पेट्रोलियम सचिव डा अरशद महमूद की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया जाना था।



दक्षिण चीन सागर में एक दिन पहले दिखा था चीन का आक्रामक रुख

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बीजिंग। चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने कहा है कि वो और उनका देश दक्षिण एशिया पर किसी तरह प्रभाव जमाना नहीं चाहता है। उन्होंने ये भी कहा कि चीन अपने पड़ोसी छोटे देशों पर भी दक्षिण चीन सागर को लेकर हावी नहीं होना चाहता है। ये बातें शी ने एसोसिएशन आफ साउथ ईस्ट एशियान नेशन (आसियान) देशों की एक 30वीं वर्चुअल कांफ्रेंस के दौरान कही, इस इसकी 30वीं वर्षगांठ के मौके पर आयोजित की गई थी। इस दौरान संगठन के दस सदस्य देश शामिल थे। शिन्हुआ न्यूज एजेंसी के मुताबिक शी ने इस दौरान कहा कि वो अपने सभी पड़ोसी देशों से दोस्ताना संबंध रखने का इच्छुक है।

## अमेरिका में तेज गति से जा रही गाड़ी क्रिसमस परेड में घुसी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

वौकेशा (अमेरिका)। अमेरिका में क्रिसमस परेड में एक खौफनाक घटना घटी है। विस्कॉन्सिन राज्य के मिल्वौकी के उपनगर वौकेशा में रविवार को तेज रफ्तार से आ रही गाड़ी अवरोधक तोड़ कर क्रिसमस परेड में घुस गई। इस घटना में 5 लोगों की मौत हो गई तथा 40 से अधिक लोग घायल हो गए।

वौकेशा के अधिकारियों ने रविवार देर रात एक वक्तव्य में पुष्टि की कि घटना में कुछ लोगों की मौत हुई है। पुलिस ने कहा कि मरने वालों तथा घायलों की संख्या अधिक हो सकती है क्योंकि कुछ लोग स्वयं भी अस्पताल

**पुलिस ने कहा कि मरने वालों की संख्या अधिक हो सकती है**

पहुंचे थे। इस हादसे में मरने वालों के नाम अभी सार्वजनिक नहीं किए गए हैं। उधर, एक संदिग्ध व्यक्ति पुलिस की हिरासत में है। अमेरिका के विस्कॉन्सिन राज्य में लोग क्रिसमस परेड निकाल रहे थे। हर तरफ जश्न और नृत्य का माहौल था। अचानक से एक एसयूवी गाड़ी इस परेड को रौंदते हुए निकल गई और यह जश्न मातम में बदल गया। घटना में अब तक 5 लोगों की मौत हो गई है और 40 अन्य घायल हैं।

**मुझे नहीं पता है कि यह एक आतंकी घटना है या नहीं:** इस घटना के खौफनाक वीडियो में नजर आ रहा है कि लोग कार के घुसने पर हे भगवान, हे भगवान कहकर चिल्ला रहे हैं। बताया जा रहा है कि यह हादसा शाम 4:30 के करीब हुआ। यहां हर साल निकाले जाने वाली क्रिसमस परेड चल रही थी। इसमें बड़ी संख्या में लोग हिस्सा ले रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि एक एसयूवी गाड़ी बच्चों के मार्चिंग बैंड के ऊपर चढ़ती चली गई। घटना के बाद 40 के करीब घायलों को स्थानीय अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

शहर के मेयर शान रेइली ने कहा कि जहां एक सामुदायिक जश्न होना चाहिए था, वहां हमारे शहर में एक खौफनाक और हृदय विदारक घटना घटी है।

## पाकिस्तानी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने उगला जहर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान के बड़बोले राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार मोइद यूसुफ ने भारत और पीएम मोदी के खिलाफ जहर उगला है। पाकिस्तानी एनएसए ने भारत–पाकिस्तान रिश्तों पर कहा कि पीएम मोदी हिटलर के बाद दुनिया के सबसे बड़े फांसीवादी नेता हैं। उन्होंने कश्मीर के मुद्दे पर पाकिस्तान में एकजुटता नहीं बनने पर चिंता जताई और कहा कि पाकिस्तान के सर्वोच्च राष्ट्रीय हित की रक्षा के लिए कश्मीर और राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दे पर आम सहमति जरूरी है। मोइद यूसुफ ने कश्मीर पर भी जहरीला बयान दिया और दावा किया कि वहां मानवाधिकारों का उल्लंघन हो रहा है। एक निजी चैनल से बातचीत में मोइद ने कहा कि देश में आंतरिक और बाह्य खतरों का सामना करने के लिए सरकार आम सहमति और संवाद में भरोसा करती है। अफगानिस्तान में जारी स्थिति के बारे में मोइद यूसुफ ने कहा कि पाकिस्तान अफगानिस्तान की नई सरकार को अपनी जमीन का इस्तेमाल किसी और देश में आतंकवाद भड़काने के लिए नहीं करने देगी।